प्रेस नोट संख्या-20

दिनांक 11.09.2024

सराहनीय कार्य थाना फुरसतगंज पुलिस

चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 2 मोबाइल फोन के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में दिनांक 10.09.2024 को तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उ0नि0 रामवीर सिंह थाना फुरसतगंज मय हमराह द्वारा दाउदनगर बैरियर पर चेकिंग करते समय एक बिना नंबर प्लेट अपाची मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को रोका गया व कागजात दिखाने को कहा गया, कागजात न दिखा सका, उक्त व्यक्ति की तलाशी करने पर अभियुक्त के पास से 02 मोबाइल फोन बरामद किये गये पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन चारबाग रेलवे स्टेशन से चोरी किये है।

मौके पर ही अभियुक्त शिवकेश पुत्र बाबू लाल निवासी ग्राम मोहइया केसरिया थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष को समय करीब 19:30 बजे गिरफ्तार किया गया व बरामदगी के आधार पर थाना फुरसतगंज पर मु0अ0सं0 81/24 धारा 317(2),317(4) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

- शिवकेश पुत्र बाबू लाल निवासी ग्राम मोहइया केसरिया थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष।

बरामदगी-

1. चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल (टीवीएस अपाची वाहन संख्या UP32HL0337) ।
2. चोरी के 02 अदद मोबाइल फोन।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही -

- मु0अ0सं0 81/24 धारा 317(2),317(4) बीएनएस थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 रामवीर सिंह थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।
2. का0 विनय कुमार गौतम थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।
3. म0का0 सीमा यादव थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी।